## खबर संक्षेप

### एसडीएम ने ली समिति प्रबंधकों की समीक्षा बैठक

**मैहर।** एसडीएम मैहर विकास सिंह के द्वारा जिले के फूड इंस्पेक्टर के साथ समिति प्रबंधकों के साथ खरीदी केंद्र प्रभारी व ऑपरेटरों की समीक्षा बैठक ली गई। इस अवसर पर समझाइश देते हुए कहा गया कि शिकायतों या लापरवाही बरतने में सख्त कार्यवाही की जाएगी। इस अवसर पर विभागीय अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

### डेल्हा में लगाया गया बिजली समस्या निराकरण शिविर

**मैहर।** ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली संबंधित समस्याओं को देखते हुए मैहर कनिष्क अभियंता विवेकानंद द्विवेदी के द्वारा अब गांव-गांव पर शिविर का आयोजन किया जा रहा है जिस पर उसे गांव में हो रही बिजली संबंधित तमाम समस्याओं का निराकरण उसी गांव में बैठकर किया जाएगा जिससे की उपभोक्ताओं को भी परेशानियों का सामना नहीं करना पड़ेगा और आसानी के साथ बिजली संबंधित तमाम समस्याओं का निराकरण किया जाएगा। इस समस्या को लेकर कनिष्क अभियंता के द्वारा आज ग्राम पंचायत डेल्हा पहुंचकर डेल्हा में बिजली संबंधित समस्याओं को सुना गया और तुरंत संबंधित समस्याओं का निराकरण भी किया गया साथ ही लोगों के बढ़े हुए बिजली बिल और तमाम समस्याओं का निराकरण तुरंत किया गया। इस शिविर से ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को काफी हद तक बिजली संबंधित परेशानियों से निजात मिलेगी और सुचारू रूप से बिजली सुविधा उपलब्ध हो सकेगी। इस अवसर पर शिविर में डेल्हा सरपंच अभिषेक जायसवाल सहित तमाम ग्रामीण जन मौजूद रहे।

### ग्रामोदय विश्वविद्यालय में ऋतु रंग कला प्रदर्शनी आयोजित



**सतना।** महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय कैंपस स्थित कला विथिका,ललित कला विभाग में ऋतु रंग कला प्रदर्शनी 2025 का शुभारंभ कार्यक्रम के मुख्यअतिथि व कला आचार्य पद्मश्री प्रो श्याम बिहारी अग्रवाल और पंडित शंभू नाथ शुक्ल विश्वविद्यालय शहडोल के कुलगुरु प्रो राम शंकर दुबे ने किया।अध्यक्षता ग्रामोदय विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो भरत मिश्रा ने की। बीएचयू वाराणसी के आचार्य प्रो आर्यन त्रिपाठी विशिष्ट अतिथि रहे। चित्र कला और मूर्ति कला प्रदर्शनी में 26 कलाकारों की कृतियों को प्रदर्शित किया गया है। ग्रामोदय विश्वविद्यालय के कला प्राध्यापकों एवं शोध छात्रों के साथ अन्य राज्यों के कलाकृतियों को भी इस प्रदर्शनी में स्थान दिया गया है। प्रदर्शनी में चित्र,मूर्ति,टेराकोटा,सेरेमिक तथा छाया चित्रों को दिखाया गया है। समस्त कलाकृतियों में अभिव्यक्त विषय,रंग एव भावो की दर्शकों ने भूरि भूरि प्रशंसा की। प्रदर्शनी के उद्घाटन सत्र में ग्रामोदय विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो भरत मिश्रा द्वारा कला आचार्य पद्मश्री प्रो श्याम बिहारी अग्रवाल को सम्मानित किया गया।k

### शास्त्रीय संगीत कार्यक्रम की दसवीं प्रस्तुति 1 अप्रैल को

**सतना।** मैहर मां शारदा की पावन नगरी एवं संगीत सम्राट पद्म विभूषण बाबा अलाउद्दीन खाँ की साधना स्थली मैहर में शास्त्रीय संगीत के उभरते हुये नवोदित कलाकारों को मंच देने का कार्य जिला प्रशासन के सहयोग से मैहर म्यूजिक अटाला आर्ट सिटी के तत्वाधान में 1जुलाई 2024 से प्रारंभ किया गया था। जिसकी दसवीं प्रस्तुति 1 अप्रैल 2025 दिन मंगलवार को शासकीय संगीत महाविद्यालय परिसर में सायं 7 बजे से रात्रि 9 बजे तक संपन्न होगी। शास्त्रीय संगीत के इस कार्यक्रम में शास्त्रीय गायन,वादन एवं नृत्य के कलाकार अपनी प्रस्तुती दे सकेंगे। साथ में अटाला आर्ट के तहत घर की अनुउपयोगी वस्तुओं से निर्मित कलाकृति की प्रदर्शनी भी शासकीय संगीत कॉलेज परिसर में लगाई जाएगी। पूर्व में ब्लू बेल्स एकेडमी,सेमरॉक एकेडमी के बच्चों द्वारा अटला आर्ट प्रदर्शनी में अपनी सहभागिता दी थी। जिले की अन्य विद्यालय भी इस क्रम को आगे बढ़ाने में सहयोग प्रदान करें। कलाकार अपने आवेदन बायोडाटा के साथ 25 मार्च 2025 तक संगीत महाविद्यालय मैहर में प्रभारी अनिल कुमार जायसवाल सहायक व्याख्याता मोबा. 7987274350 के पास जमा कर सकते हैं। जिन कलाकारों की प्रस्तुतियां हो चुकी हैं वह 1 वर्ष के पश्चात ही आवेदन करने के पात्र होंगे। मैहर घराने को जीवंत बनाने एवं विद्या की देवी माँ शारदा की नगरी को संगीत मय बनाने हेतु शास्त्रीय संगीत कार्यक्रम का आयोजन प्रत्येक माह की 1 तारीख को किया जा रहा है।

## दिनभर दोस्तों के साथ खेलता रहा

# फेल होने पर छात्र ने जहर खाकर की खुदकुशी

जिले के सेमरी कुर्मिहाई में रहने वाले 15 वर्षीय छात्र ने जहर खाकर आत्महत्या कर ली। मामले की जांच सिटी कोतवाली थाना पुलिस कर रही है।

सतना।



मृत छात्र का नाम सुभाष सिंह पिता महिपाल सिंह है, जो कि भटनवारा हाई स्कूल में पढ़ाई करता था। छात्र का रिजल्ट दो दिन पहले घोषित हुआ था। इसके बाद सोमवार की रात करीब 9 बजे जहरीला पदार्थ निगल लिया,जिससे उसकी मौत हो गई। जानकारी के अनुसार देर रात छात्र के परिजन उसे जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टर आशुतोष पांडेय ने उसे देखते ही मृत घोषित कर दिया।अस्पताल और चौकी पुलिस ने इस संबंध में सिटी कोतवाली थाना पुलिस को सूचना दी। इसके बाद मंगलवार को पोस्टमॉर्टम की करवाई की गई। घटना के बाद से छात्र के परिजन बेहद हैरान और परेशान हैं। जहर खा कर आत्महत्या करने वाले नाबालिग छात्र के चचेरे भाई रवि सिंह ने बताया कि वह कक्षा नौवीं में फेल हो गया था। जिस वजह से उसने आत्महत्या कर ली। विद्यालय ने भी छात्र के रिजल्ट के बारे में फेल होने की पुष्टि की है।

### पिता ने लगाई थी फटकार

सुभाष का रिजल्ट जिस वक्त घोषित हुआ,वह बच्चों के साथ खेल रहा था। इसी दौरान माता-पिता को उसके रिजल्ट के बारे में जानकारी हुई। जिसके बाद उन्होंने डांट लगा दी। छात्र इस बात से बेहद दुःखी हुआ और खेतों में छिड़काव के लिए घर में रखे कीटनाशक का सेवन कर लिया। गंभीर हालत में देर रात चाचा महेंद्र सिंह उसे अस्पताल लेकर पहुंचे थे। जहां इलाज शुरू होने से पहले ही उसकी हो गई।

### जांच में जुटी सिटी कोतवाली पुलिस

कक्षा 9 का छात्र सुभाष कितने विषय में फेल था? फिलहाल अभी यह स्पष्ट नहीं हो पाया है।घटना के बाद से उसके परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस ने पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है। सीएसपी महेंद्र सिंह चौहान का कहना है कि इस मामले की जांच पड़ताल की जा रही है,उसके बाद वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। भटनवारा विद्यालय के प्राचार्य सत्यव्रत त्रिपाठी ने बताया कि शुभाष ने पिछले साल कक्षा 9वीं में प्रवेश लिया था। इस साल वह फेल हो गया। उन्होंने बताया कि विद्यालय में कक्षा 9वीं का रिजल्ट आशा के अनुरूप नहीं है। कुछ 27 फीसदी छात्र पास हुए। उन्होंने छात्र के निधन पर दुख जताते हुए कहा कि वजह पुलिस विवेचना का विषय है।

## मैहर में भूकंप आपदा पर की गई मॉक ड्रिल





**मैहर।** मां शारदे की धार्मिक नगरी मैहर में मंगलवार को आपदा जोखिम न्यूनीकरण और प्रबंधन योजना के तहत 11 राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) वाराणसी की टीम द्वारा जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, स्वास्थ्य, पुलिस, राजस्व, अग्निशमन सेवा तथा अन्यहितधारकों के साथ मिलकर संयुक्त मॉक अभ्यास किया गया। भूकंप आपदा पर एक परिदृश्य तैयार किया गया था। जिसमें मां शारदा अन्न कूट भवन,जिला मैहर की इमारत का एक हिस्सा भूकंप के कारण ढह गया और कुछ लोग फंस गए थे। तदनुसार ई.ओ.सी. को घटना के बारे में सूचित किया गया। जिसने एनडीआरएफ के नियंत्रण कक्ष एवं सभी संबंधित हितधारकों को आपात प्रतिक्रिया के लिए सूचित किया। सूचना मिलते ही 11 एन डी आर एफ वाराणसी की टीम ने श्रीराम भवन सिंह यादव उप कमांडेंट की देखरेख में एवं निरीक्षक शिवपूजन सिंह के नेतृत्व में घटना स्थल पर पहुंचने पर प्रारंभिक आंकलन किया।ऑपरेशन बेस,कमांड पोस्ट, मेडिकल पोस्ट,कम्युनिकेशन पोस्ट स्थापित किए।आंकलन के तुरंत बाद टीम ने रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया तथा विभिन्न कटिंग उपकरणों का इस्तेमाल करते हुए इमारत में क्षैतिज पहुंच बनाकर तथा विभिन्न रस्सी बचाव तकनीकों का उपयोग करके गंभीर रूप से फंसे पीड़ितों को बचाया गया। पीड़ितों को अस्पताल पूर्व उपचार देने के बाद मेडिकल एजेंसियों के द्वारा अस्पताल पहुंचाया गया।यह पूरा मॉक अभ्यास इंसिडेंट रिस्पांस सिस्टम के दिशानिर्देशों के अनुसार आयोजित किया गया था और पूरी प्रक्रिया का पालन किया गया। इस मॉक अभ्यास को श्रीमती रानी बाटड कलेक्टर मैहर,सुधीर अग्रवाल पुलिस अधीक्षक मैहर,एसडीएम विकास सिंह,थाना प्रभारी अनिमेश द्विवेदी,नगरपालिका से राहुल पटेल, शैलेन्द्र सिंह,डॉक्टर रवि द्विवेदी आदि की मौजुदगी में आयोजित किया गया तथा अन्य हितधारकों में जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, स्वास्थ्य, होमगार्ड, पुलिस,राजस्व, रोपवे कर्मचारी, अग्निशमन सेवा तथा मीडिया कर्मियों ने भाग लिया।एनडीआरएफ बचाव दल द्वारा प्रदर्शित पेशेवर कौशल की सभी हित धारकों द्वारा अत्यधिक सराहना की गई।



## रेलवे में एनपीएस और यूपीएस के विरोध में नारेबाजी

सतना।

नेशनल फेडरेशन ऑफ इंडियन रेलवे मेंस के आह्वान पर पश्चिम मध्य रेलवे की एकमात्र यूनियन बेस्ट सेंट्रल रेलवे मजदूर संघ द्वारा 18 मार्च को अखिल भारतीय विरोध सप्ताह में एनपीएस और यूपीएस के विरोध में वरिष्ठ अनुभाग अभियन्ता कैरिज एन्ड वैगन सतना में द्वार सभा कर विरोध प्रदर्शन किया गया। इस अवसर पर सतना शाखा के अध्यक्ष योगेश गुप्ता की अध्यक्षता में द्वार सभा की गई। इस अवसर पर सचिव आनंद यादव,दीपक गौतम,आशीष कुमार,नीरज राज,भागवत प्रसाद पाण्डे, रविकांत,मदन गोपाल यादव,मोहमद हाफिज,अनूप सिंह,रोहित सिंह,मनीष पाण्डेय,अवध गोपाल मिश्रा,सचिन शर्मा,सेकड़ो की तादात में कैरिज एन्ड वैगन के कर्मचारियों ने विरोध किया एवं मुर्दाबाद के साथ द्वार सभा का समापन किया गया। विरोध कल लोको लॉबी पर किया जाएगा।

### क्या है एनपीएस और यूपीएस

एनपीएस के तहत जहां तय पेंशन की गारंटी नहीं है जबकि यूपीएस न्यूनतम पेंशन की गांरटी देती है और इसमें अतिरिक्त रिटर्न की संभावना भी है। ओपीएस सीधे तौर पर डीए के ज़रिए महंगाई से सुरक्षा देती है लेकिन एनपीएस में ये प्रावधान नहीं हैं जबकि यूपीएस में भी महंगाई से निपटने की प्रणाली दी गई है।

## ओवर लोडिंग को लेकर कब तक लुक्का छुपी खेलेगा जिला प्रशासन

### और कितनी जानो का होगा सौदा, शिकायतकर्ताओं की शिकायत भी फोटो सेशन तक सीमित



**मैहर।** मैहर जिले में लगातार ओवरलोडिंग का तांडव देखने को मिल रहा है। जिसको लेकर पिछले वर्ष में दर्जनों की तादात पर लोगों ने अपनी जाने गंवाई है। लेकिन इसके बावजूद भी मैहर का जिला प्रशासन चुप्पी साधे हुए है। ओवर लोड वाहनों से आए दिन सड़कों पर बड़े-बड़े पत्थर ओवरलोडिंग की वजह से गिरते हैं। और तेज रफ्तार वाहनों की वजह से लोग सड़क हादसों शिकार हो रहे हैं। लेकिन इसके बावजूद भी मैहर में यात्रियों की सुनने वाला कोई जिम्मेदार नहीं है। आखिर कब तक इस प्रकार मैहर जिले में मौत का सौदा होता रहेगा।आज यह हालात है कि प्रति दिन सैकड़ों की तादाद पर स्टेड हाईवे 11 में लोड तेज रफ्तार ट्रक फर्राटे भरते नजर आ रहे हैं। भटूरा से मैहर तक दौड़ते हुए ओवरलोड ट्रकों पर कभी अंकुश लगेगा या यूं ही चलता रहेगा जनता की समझ में नहीं आ रहा है। पूर्व में मैहर विधायक ने भी ओवरलोडिंग के संबंध पर लिखा था पत्र मैहर में सीमेंट फैक्ट्री एवं काफी मात्रा में जिले में चल रहे खादानों एवं क्रेशरो से निकलने वाले ओवरलोडिंग वाहनों की समस्या से लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ता था जिसके बाद स्थानीय लोगों ने मैहर विधायक से भी शिकायत की जिसके बाद मैहर विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी ने ओवरलोड के संबंध पर एक पत्र भी स्थानीय जिला प्रशासन को लिखा था लेकिन वह पत्र ठंडे बस्ते पर चला गया।आखिर क्या वजह है कि ओवरलोड वाहनों पर कार्रवाई नहीं की जा रही है। ओवरलोड की वजह से ही लोग परेशान हो रहे है।

### किया गया था प्रदर्शन

विगत दिनों इस समस्या को लेकर युवाओं ने भी ओवरलोड के खिलाफ प्रदर्शन किया था इसके बाद ज्ञापन सौंपा गया। लेकिन वह ज्ञापन मात्र फोटो सेशन तक ही सीमित रह गया।आखिर क्या वजह है कि ओवरलोड ट्रकों की वजह से आए दिन लोग परेशान होंते रहेंगे। वाहनों में क्षमता से अधिक लाइमस्टोन को भरकर तेज रफ्तार ट्रक आवागमन करते हैं और रहवासी क्षेत्र से होकर गुजरते हैं जिनसे वाहनों से पत्थर एवं लाइम स्टोन गिरते हैं और राह चलते लोग इसका शिकार बन जाते हैं। इस संबंध में कई शिकायत सीएम हेल्पलाइन पर भी पड़ी हुई है लेकिन निराकरण शून्य दिखाई दे रहा है।

## कलेक्टर ने सुनी 78 आवेदकों की समस्यायें





**सतना।** कलेक्टर डॉ.सतीश कुमार एस ने मंगलवार को होने वाली जनसुनवाई में जिले के दूर-दराज के क्षेत्रों से आये 78 आवेदकों को अपने समक्ष सम्मान पूर्वक कुर्सी पर बिठाकर बडी सहजता से उनकी समस्यायें सुनी और अधिकारियों को तत्काल निराकरण के निर्देश दिये। इस मौके पर अपर कलेक्टर स्वप्निल वानखडे एवं डिप्टी कलेक्टर एलआर जांगडे ने भी लोगों की समस्यायें सुनी और मैदानी अधिकारियों को दूरभाष से चर्चा कर लोगों की समस्याओं के निराकरण के संबंध में दिशा-निर्देश दिये। जनसुनवाई में जमीन का सीमांकन कराने,अनुकंपा नियुक्ति,खाद्यान पात्रता पर्ची,दाखिल-खारिज कराने,प्रधानमंत्री आवास योजना,अवैध कब्जा हटाने,विद्युत समस्या,जमीन का कब्जा दिलाने, सीमांकन कराने,चिकित्सा सहायता,रोजगार दिलाने,भरण-पोषण और संबल योजना के लाभ संबंधी आवेदन लेकर जनसुनवाई में पहुंचे।


**जनसुनवाई में सुरतिया कोल को मिला 4 लाख का चेक-** कलेक्टर डॉ.सतीश कुमार एस ने तहसील उचेहरा के गोबरांव खुर्द के सुदामा कोल की खेत में कृषि कार्य करने के दौरान करंट लगने से हुई मृत्यु होने पर मंगलवार को जनसुनवाई में मुख्यमंत्री कृषक जीवन कल्याण योजना के तहत मृतक की पत्नी सुरतिया कोल को 4 लाख रूपये अनुग्रह राशि का चेक प्रदान किया।

**मैहर जिले की जनसुनवाई में आये 26 आवेदन-** मैहर कलेक्टर रानी बाटड़ के निर्देश पर अपर कलेक्टर शैलेन्द्र सिंह ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय के सभागार में जनसुनवाई आयोजित की।इस दौरान मैहर जिले के विभिन्न अंचलों से प्राप्त 26 आवेदनों पर सुनवाई करते हुए संबंधित अधिकारी को निराकरण करने के निर्देश दिए। इस मौके पर जनपद सीईओ प्रतिपाल बागरी सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।



## खबर संक्षेप

### प्राचीन एवं प्रसिद्ध धार्मिक स्थल चौमुख नाथ महादेव मंदिर प्रांगण में पुरातत्व विभाग ने कराई खुदाई



**पन्ना।** पन्ना जिले के प्राचीन एवं प्रसिद्ध चौमुखनाथ शिव मंदिर प्रगाढ़ में पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग द्वारा वर्षों से इतिहासिक धरोहर की खोज हेतु खुदाई करवाई जा रही थी यह खुदाई हाथ के बारीक औजारों से कराई गई थी खुदाई के लिए कई छोटे छोटे सर्किल बनाए गए थे शिव मंदिर प्रगाढ़ में खुदाई के दौरान एक प्राचीन पत्थरों से बना मंदिर एवं मंदिर के गर्भ गृह में बड़े रूप का शिव लिंग मिला है साथ ही खुदाई में छोटे छोटे हवन कुंड मिले हैं जो अनोखे है चौमुख नाथ महादेव मंदिर का इतिहास पन्नों में नाचना कुठारा नाम से उल्लेख है जो प्राचीन काल के हिंदू मंदिरों सभ्यताओं का प्रतीक है चौमुख नाथ महादेव मंदिर के आसपास भी राजसी भवन एवं मंदिर आज भी निर्मित है। और। महादेव मंदिर प्रांगण में एक और शिव मंदिर मिलने से प्राचीन सनातन संस्कृति एवं स्थान में हिंदू सभ्यताओं के लोगों के निवास स्थान का यह क्षेत्र प्रमाण है जहां राजा महाराजाओं के साथ हिंदू जनसमुदाय वाश करते थे जिनके साक्ष्य के रुप में प्राचीन मूर्तियां मंदिर स्मारक प्राचीन भवन संपदाएं मौजूद है।

### गहोई महिला मंडल पवई द्वारा धूमधाम से मनाया होली मिलन समारोह

**पवई।** गहोई समाज की महिला मंडल द्वारा दिनांक 17 मार्च सोमवार को सिद्धेश्वरी दुर्गा मंदिर मिलोनीगंज में सामाजिक समरसता, एकता रंगों का त्यौहार होली मिलन समारोह उत्साह पूर्वक मनाया गया गहोई समाज की महिलाओं द्वारा सर्वप्रथम मां दुर्गा, मां कलेही, भगवान कृष्ण, गहोई समाज के आराध्य भगवान सूर्य देव, राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त के छायाचित्रों पर माल्यार्पण पूजन एवं दीप प्रज्वलन करते हुए कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया, उक्त आयोजन गहोई महिला मंडल अध्यक्ष प्रीति बेहरे की अध्यक्षता मे सम्पन्न हुआ समाज की महिलाओं से आपसी सदभाव एवं महिला मंडल द्वारा आगामी सामाजिक कार्यक्रमों को इसी तरह से उत्साह पूर्वक संपन्न करने का सभी से आग्रह किया गया, महिला मंडल की कोषाध्यक्ष सीमा छिरौल्या द्वारा गहोई महिला मंडल को प्राप्त राशि का आय व्यय सभी के समक्ष प्रस्तुत किया गया, समाज के बच्चों एवं महिलाओं द्वारा होली के गानों में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुत किए गए मां दुर्गा की आरती एवं प्रसाद वितरण के पश्चात कार्यक्रम का समापन हुआ। कार्यक्रम मे सहयोग के लिए सभी महिलाओं का पूजा छिरोल्या ने आभार व्यक्त किया कार्यक्रम में गहोई समाज के अध्यक्ष गनेश डेगरे, पार्षद देवी खटीक, कुसुम बेहरे, नीरजा छिरोल्या, रानी बेहरे, माधुरी बेहरे, कविता लहरिया, संध्या छिरोल्या, नीता डेगरे, सुनीता बड़ेरिया, संगीता डेगरे सहित समाज की अन्य महिलाए मोजूद रही।

कलेक्ट्रेट कार्यालय एवं पुलिस लाइन कॉन्फ्रेंस हॉल में ब्रह्माकुमारीज संस्था द्वारा मन प्रबंधन द्वारा उत्कृष्ट प्रशासन विषय पर कार्यक्रम

# मन प्रबंधन के लिए शारीरिक, मानसिक, सामाजिक व आध्यात्मिकता पर देना होगा अटेंशन - बीके डॉ. रीना






**पन्ना।** ब्रह्माकुमारीज संस्थान द्वारा आध्यात्मिक सशक्तिकरण द्वारा स्वच्छ एवं स्वस्थ समाज थीम के अंतर्गत प्रशासकों, प्रबंधकों तथा कार्यपालकों हेतु ष्स्वर्णिम प्रशासन मध्यप्रदेश जागृतिष राज्यस्तरीय अभियान के अंतर्गत कलेक्ट्रेट कार्यालय एवं पुलिस लाइन कॉन्फ्रेंस हॉल में मन प्रबंधन द्वारा उत्कृष्ट प्रशासन विषय पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य वक्ता भोपाल से पधारीं राजयोगिनी बीके डॉ. रीना दीदी ब्रह्माकुमारीज भोपाल प्रशासक सेवा प्रभाग की जोनल कोऑर्डिनेटर रहे। बीके डॉ. रीना दीदी ने कहा कि मन प्रबंधन के लिए प्रतिदिन शारीरिक, मानसिक, सामाजिक व आध्यात्मिकता पर अटेंशन देना बहुत आवश्यक है। हमें अपने जीवन में मैन, मनी, मटेरियल, माइथोलॉजी, मशीनरी आदि को मैनेज करने के लिए माइंड मैनेजमेंट की महती आवश्यकता है। दीदी ने टीम को मैनेज करने के लिए बताया कि

टी - थॉट

ई - इमोशन

ए - एटीट्यूड

एम - मेमोरीज को साथ में मैनेज करके टीम का कुशल प्रबंधन कर सकते हैं।

आध्यात्मिक लीडर एवं मोटिवेशनल स्पीकर बी.के. डॉ. रीना दीदी ने कहा कि प्रशासनिक सेवा में रहते हुए कई मर्तबा दबाव महसूस होता है। वहीं कई मर्तबा निर्णय को लेकर असमजंस की स्थिति होती है। ऐसे में सकारात्मक सोच के माध्यम से स्वयं निर्णय लेने की क्षमता विकसित होती है। सकारात्मक सोच तन और मन दोनो में किसी भी बदलाव के साथ खुद को भी बदलने में मदद मिलती है। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों से जीवन में आध्यात्म से जुड़ने की जरूरत जताई। राजयोग मेडिटेशन को अपनाने से मन को शक्ति मिलती है। उन्होंने राजयोग मेडिटेशन के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि कोई भी कार्य हो उसको मुस्कराते हुए करें। अभियान का लक्ष्य और उद्देश्य बताते हुए बी.के. राहुल भाई ने कहा कि नवंबर 2024 से मार्च 2025 के बीच 8 यात्राओं के द्वारा मध्यप्रदेश की चारों दिशाओं में अभियान पहुंच रहा है। और यह सभी यात्राएं ब्रह्माकुमारीज भोपाल जोन एडमिनिस्ट्रेटर सर्विस विंग की जोनल कोऑर्डिनेटर राजयोगिनी बी.के. डॉ. रीना दीदी के नेतृत्व में सफलता प्राप्त करेंगे। इस अभियान में बी.के. डॉ. रीना दीदी जी के साथ साथ में बीके रिचा दीदी, बीके राहुल भाई, बीके राम भाई अभियान के साथ साथ लगातार चल रहे हैं। मूल्यनिष्ठ और सुप्रशासन को बढ़ावा देने के लिए ब्रह्माकुमारीज़ संस्थान का प्रशासक सेवा प्रभाग लगातार प्रयासरत है । तनाव प्रबंधन के साधन के रूप में आत्म-प्रबंधन और राजयोग ध्यान का प्रशिक्षण प्रदान करना तथा मूल्य-आधारित, आध्यात्मिक रूप से सुदृढ़ प्रशासनिक प्रथाओं को बढ़ावा देने वाले कौशल प्रदान करना है। बीके रिचा दीदी ने स्पिरिचुअल म्यूजिकल एक्सरसाइज और एक्टिविटी कराई एवं बीके राम भाई ने उपस्थित सभी अधिकारीयों को स्पिरिचुअल लाफिंग थेरेपी कराई। बी.के. सीता दीदी (पन्ना सेवाकेंद्र प्रभारी) सभी का स्वागत एवं आशीर्वचन, शुभकामनाएं व्यक्त करते हुए सभी को ब्रह्माकुमारीज़ संस्थान के अंतरराष्ट्रीय मुख्यालय माउंट आबू का ईश्वरीय निमंत्रण दिया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से श्रीमान सुरेश कुमार पन्ना कलेक्टर, एडिशनल एसपी, आर आई श्री रामखिलावन सिंह जी, सहित समस्त स्टाफ उपस्थिति रहा एवं कलेक्ट्रेट कार्यालय के प्रशासकों, अधिकारियों हेतु एवं पुलिस कॉन्फ्रेंस हॉल के सभागार में पुलिस अधिकारीयों के लिए कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

## सभी के सहयोग से नगर को साफ तथा स्वच्छ बनाया जा रहा है-कलेक्टर



### स्वच्छता संदेश देने को लेकर निकाली रैली मैराथन दौड़

**पन्ना**-विश्व ग्लोबल रीसाइक्लिंग दिवस के अवसर पर साहस संस्था एवं नगरिय प्रशान विभाग के सहयोग से कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसका मुख्य उद्देश्य पन्ना नगर को साफ एवं स्वच्छ बनाना है। कार्यक्रम को लेकर सस्था द्वारा विद्यार्थियों समाज.सेवकों एवं सभी आम नागरिकों के साथ रैली एवं मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया उक्त रैली अजयगढ चौराहा से प्रारम्भ हुई रैली तथा दौड़ का नाम रन फॉर सेग्रीगेशनष दिया गया। रैली को कलेक्टर सुरेश कुमार द्वारा हरी झडी दिखा कार रवाना किया गया उक्त रैली नगर के प्रमुख मार्गो से होते हुये छत्रसाल पार्क पहुची जहॉ पर पंचीय कार्यक्रम आयोजित किया गया था इस दौरान कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कलेक्टर सुरेश कुमार नगरपालिका अध्यक्ष श्री मती मीना पांण्डेय उपाध्यक्ष आशा गुप्ता उपस्थित रही। अतिथियों का स्वागत नगर पालिका के मुख्य नगरपालिका अधिकारी शशी कपूर गणपाले द्वारा किया गया तत्पश्चात कार्यक्रम के सम्बोधित करते हुये कलेक्टर सुरेश कुमार ने कहा कि पन्ना नगर बहुत ही अच्छा एवं छोटा शहर जहॉ पर ऐतिहासिक मंदिर तलाब पूर्व से बने हुये है अनेक प्रकार की ऐतिहासिक इमारते इस नगर में स्थापित है। नगर को साफ स्वच्छ बनाना हम सभी की जिम्मेवारी है लोग कचरा वाहन में ही डाले रोड़ पर कचरा ना फेके क्योंकि जबतक सभी का सहयोग नहीं रहेगा तो कोई काम सफल नहीं हो सकता है। उन्होने कहा कि जल्द ही कचरा निटान के लिये बडा कचरा प्रशसकरण केद्र बनाया जायेगा अभी जो पूर्व में वाइपास रोड पर बना है उसको चालू करके कचरा का निटान करने का प्रबंध नगर पालिका जल्द करे। कार्यर्क्रम को अन्य अतिथियों द्वारा भी संम्बोधित किया गया मुख्य नगरपालिका अधिकारी शशी कपूर गाढपाले ने कहा कि लोग गीला तथा सूखा कचरा अलग अलग डस्टबिन में रखें एवं नगरपालिका की कचरा गाडी में ही डाले नगरपालिका हमेशा बेहतर साफ सफाई के लिये काम करती रहेगी जन सेवी संस्थाओं द्वारा प्रचार पसार के माध्यम से लोगों को स्वच्छता के प्रति लगातार जागरूप किया जा रहा है। साहस संस्था द्वारा नगरपालिका का संहयोग किया जा रहा है। इस दौरान अनेक लोग उपस्थित रहे जिसमें मुख्य रूप से समाज सेवी कैलाश मोदी स्वच्छता निरीक्षक बिरेद्र चौरासिया दुर्गेश शिवहरे शान्तनु सिंह साहस संस्था से मैनेजर नरेद्र कुशवाहा अमिताभ मिश्रा आकाश प्रदीप सत्यराज नेहा ज्याति गीतांजली सौरभ प्रियांशु रेणुका गुंजन आदि शमिल रहे।

## गोविंद चले राम से मिलने अयोध्या, साइकिल यात्रा के जरिए पर्यावरण और सेहत का संदेश



**पन्ना।** फुलवारी (देवेंद्रनगर) निवासी गोविंद बागरी, जो पहले भी साइकिल से विभिन्न स्थानों की यात्रा कर चुके हैं, ने 17 मार्च को अपने गृहग्राम फुलवारी से एक नई यात्रा शुरू की। उनका यह यात्रा अयोध्या की ओर है, जहां वह भगवान श्रीराम से मिलने के लिए साइकिल से जा रहे हैं। इस यात्रा की खास बात यह है कि गोविंद बागरी न केवल धार्मिक उद्देश्य से यात्रा पर निकले हैं, बल्कि उनका यह सफर पर्यावरण और सेहत के प्रति जागरूकता फैलाने का एक प्रयास भी है। गोविंद बागरी ने पहले पन्ना जिले में स्थित जुगल किशोर मंदिर के दर्शन किए और उसके बाद अपनी यात्रा शुरू की। वह चित्रकूट, प्रयागराज होते हुए अयोध्या पहुंचेगे। इस यात्रा को लेकर उनका कहना है कि उनका मुख्य उद्देश्य समाज में साइकिल चलाने के फायदे और पर्यावरण की सुरक्षा को लेकर जागरूकता फैलाना है। गोविंद बागरी, जो एक पूर्व सैनिक और समाजसेवी हैं, ने बताया कि आजकल लोग वाहनों पर अत्यधिक निर्भर हो गए हैं, यहां तक कि छोटे बच्चे भी दोपहिया वाहनों का उपयोग करते हैं, जिससे प्रदूषण बढ़ रहा है और स्वास्थ्य समस्याएं भी उत्पन्न हो रही हैं। उनका मानना है कि साइकिल चलाने से न केवल सेहत बेहतर रहती है, बल्कि यह पर्यावरण की सुरक्षा में भी मददगार साबित होता है। उन्होंने आगे कहा, ष्मेरे साथ मेरे प्रभु राम हैं और वह मुझे इस यात्रा में मार्गदर्शन देंगे।ष गोविंद बागरी का यह संदेश पूरे भारतवर्ष को है कि साइकिल चलाकर हम प्रदूषण को कम कर सकते हैं और अपनी सेहत को भी दुरुस्त रख सकते हैं। उनका मानना है कि यह यात्रा केवल एक व्यक्तिगत यात्रा नहीं, बल्कि समाज के लिए एक प्रेरणा का स्रोत है। गोविंद बागरी का यह कदम न केवल उनके व्यक्तिगत विश्वास को दर्शाता है, बल्कि समाज के लिए भी एक प्रेरणा है कि हम अपनी जीवनशैली में बदलाव लाकर पर्यावरण को बचाने और अपनी सेहत को बेहतर बनाने में योगदान दे सकते हैं।

### सिमरिया से बस में बैठकर पन्ना पहुँचकर रास्ता भटका 10 वर्षीय बालक परिजनों के सुपुर्द



**पन्ना।** पन्ना के थाना कोतवाली क्षेत्र में सत्यम पैलेस के पास एक 10 वर्षीय बालक मिला है, जो घर का रास्ता भटक गया है, पुलिस सहायता की आवश्यकता है। सूचना राज्य स्तरीय पुलिस कंट्रोल रूम डायल-112/100 भोपाल में दिनाँक 17-03-2025 को शाम 06:30 बजे प्राप्त हुई। सूचना प्राप्ति पर तत्काल कोतवाली थाना क्षेत्र में तैनात डायल-112/100 वाहन को मदद के लिए रवाना किया गया। डायल-112/100 स्टाफ आरक्षक फेरन सिंह एवं पायलेट सैफ खान ने मौके पर पहुँचकर बालक को संरक्षण में लिया। बालक से जानकारी लेने पर उसने बताया कि सिमरिया से बस में बैठ कर आ गया हूँ। बालक को क्षेत्र कि जानकारी ना होने से भटक रहा था। बालक से परिजन का संपर्क नंबर लिया। डायल-112/100 स्टाफ ने बालक अजय पिता लक्ष्मण नामदेव उम्र -10 वर्ष निवासी थाना सिमरिया को एफ़ आर व्ही वाहन से थाने लेकर आए। परिजन के आ जाने के बाद पहचान व सत्यापन उपरांत बालक को परिजन के सुपुर्द किया गया।

## पवई नगर परिषद अध्यक्ष पर लगाये गंभीर आरोप, कर्मचारी को कमरे में बंद कर घंटों पीटा

### पीड़ित ने परिवार सहित थाना पहुंच कर की शिकायत, शिकायत पर पुलिस जांच में जुटी



**पन्ना।** नगर परिषद पवई में कार्यरत एक संविदा कर्मचारी से निजी कार्य करवाने और विरोध करने पर बेरहमी से मारपीट करने का मामला सामने आया है। वार्ड क्रमांक 07 निवासी कटोरी लाल बर्मन (50 वर्ष) ने नगर परिषद अध्यक्ष बसंत दहायत के खिलाफ पवई पुलिस थाना में अपने परिवार सहित पहुंच कर शिकायती आ आवेदन देकर गंभीर आरोप लगाए है। पड़ति का आरोप हैं की मुझे कमरे मे बंद कर लात-घूंसों से मारपीट की गई हैं। फरियादी कटोरी लाल बर्मन, जो कि नगर परिषद पवई में चपरासी के पद पर कार्यरत हैं, ने बताया कि 17 मार्च 2025 की शाम लगभग 8 बजे नगर परिषद अध्यक्ष ने उन्हें बुलाया और बिना किसी कारण लात-घूंसों से बेरहमी से पीटा। शिकायतकर्ता के अनुसार-अध्यक्ष ने मुझे एक कमरे में बंद कर दिया और टेलीविजन की आवाज तेज कर दी, ताकि मेरी चीखें बाहर न जाएं। इसके बाद उन्होंने घंटों तक मुझे पीटा। विरोध करने पर धमकी दी कि यदि मैंने किसी से कुछ कहा, तो मेरी नौकरी छीन ली जाएगी। मारपीट के बाद, कटोरी लाल बर्मन अपने घर पहुंचे और अपनी पत्नी फूलबाई बर्मन और पुत्री खुशबू बर्मन को पूरी घटना बताई। इसके बाद उन्होंने अस्पताल जाकर प्राथमिक उपचार कराया और फिर थाना पवई में शिकायती आवेदन सोप कर कार्यबाही की मांग की है पुलिस ने कर्मचारी के आवेदन पर जांच शुरू कर दी है। यह मामला सामने आने के बाद पवई में तरह तरह की चर्चाएं व्याप्त है।

### वीरांगना अवंती बाई लोधी के 167 वें बलिदान दिवस पर पहाड़ीखेरा में होगा गरिमामय कार्यक्रम



**पन्ना।** सन 1857 की क्रांति में देश की आजादी के लिए अंग्रेजों के खिलाफ जंग का ऐलान कर आखरी दम तक युद्ध लड़ने वाली देश भक्ति और नारी शक्ति की प्रतीक अमर शहीद वीरांगना अवंती बाई लोधी के 167 वें बलिदान दिवस पर 20 मार्च 2025 को पन्ना जिले के पहाड़ीखेरा में स्थित मंडी प्रांगण में गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम के संयोजक ग्राम पंचायत दिया के सरपंच एवं पूर्व सैनिक राम शिरोमणि सिंह लोधी ने बताया कि यह कार्यक्रम नारी सशक्तिकरण, नारी सम्मान, बाल विवाह निषेध व नशा मुक्ति आदि विषय पर जागरूकता हेतु यह आयोजित किया जा रहा है जिसमें क्षेत्रीय महिलाओं व छात्राओं सहित पन्ना जिले के साथ-साथ सतना और छतरपुर जिले के लोग भी शामिल होंगे। 20 मार्च 2025 को दिन में 12:00 कार्यक्रम प्रारंभ होगा जिसमें सभी वर्गों के लोगों से शामिल होने की अपील की गई है।

सरकार की प्राथमिकता को जाने-जाने वाली योजना

# जल जीवन मिशन के माध्यम से घर-घर पहुंचेगा नल से जल, अब 2028 तक सपना साकार होने की बनी उम्मीद

### प्रदेश में 17.136 करोड़ का प्रावधान बजट को लेकर सोशल मीडिया की सुर्खियों में

**पन्ना।** पन्ना जिले में 945 गांव को लेकर जहां घर-घर नल से जल पहुंचाने का लक्ष्य वर्तमान समय में 158 गांवों में नल से जल घर-घर पहुंचाये जाने का जल निगम महाप्रबंधक के बताये अनुसार सफल दिशा तय जल ही जीवन है वर्तमान समय में जहां पानी की जरूरत को अहम माना जा रहा है क्योंकि हालात आने वाले समय को ध्यान में रखकर जहां जल की कमी ही कहीं न कहीं जल स्तर घटने से ही सहज अंदाजा लगाया जा सकता है। वहीं शुद्ध पेयजल प्रदान करने को लेकर आज भी सरकारें अभी समय बढ़ाने की दिशा के लिए मानी जा रही है। जल जीवन मिशन के माध्यम से जहां केन्द्र सरकार व राज्य सरकार की महत्वपूर्ण प्राथमिकता वाली योजना जलजीवन मिशन के माध्यम से घर-घर नल से जल पहुंचाने को लेकर जो लक्ष्य लिया गया था वह 2024 में कहीं न कहीं सफल नहीं हो पाई। जिसको ध्यान में रखकर केन्द्र सरकार व मध्यप्रदेश सरकार के प्रयासों के चलते जहां 2028 तक लक्ष्य बढ़ाया गया घर-घर नल से जल पहुंचाने को लेकर एक बार फिर अब सपने साकार करने के लिए समय तीन वर्ष का माना जा रहा है। मध्यप्रदेश में 17.136 करोड़ के बजट का प्रावधान भी जहां सोशल मीडिया की सुर्खियों में बना हुआ है। वहीं पन्ना जिले की बात करें तो 945 गांवों में नल से जल पहुंचाने के लिए प्रयास कारगर दिशा को लेकर योजना के माध्यम से लक्ष्य को लेकर बताया जा रहा है। वहीं 158 गांवों में घर-घर नल से जल पहुंचाने को लेकर सफल क्रियान्वयन जल निगम के महाप्रबंधक श्री सिन्हा जी के द्वारा बयां किया जा रहा है। अब शेष गांवों में तीन वर्ष के समय में कितना लक्ष्य सफल आयाम को लेकर जाना जायेगा यह तो आने वाला वक्त ही तय करेगा। साथ ही जिले में तीन बड़ी परियोजनायें पवई की ब्यारमा वहीं सिंगौरा तथा अजयगढ़ की मझगांय डेम से हर घर-घर नल से जल पहुंचाने को लेकर जहां जल निगम अपनी दिशा आगे बढ़ाने को लेकर स्वयं के माध्यम से क्रियान्वयन की दिशा को लेकर अंजाम देगा। वहीं आने वाले समय में सायद 945 गांवों में जो लक्ष्य लिया गया है वह सम्पूर्ण गांवों के लिए पूरा होगा यह भी आगे आने वाले तीन वर्षों में ही सपनों को साकार करना माना जा रहा है। पर जिस तरह से जल निगम के महाप्रबंधक ने जहां जानकारी देते हुए बताया कि 158 गांवों में अब घर-घर नल से जल पहुंचने लगा यह कहीं न कहीं जिले में 945 में से 158 में ही हम आगे बढ़ पाये है शुद्ध पेजयल ग्रामीण क्षेत्रों में जहां नल से जल मिलने की उम्मीदें जो पूरी हुई है वहीं आगे अभी भी उम्मीदें टिकी हुई है। देखना यह है कि जल ही जीवन है वहीं जल जीवन मिशन के माध्यम से जल निगम के द्वारा अब आने वाले समय में कितने गांवों को नल से जल प्रदान करने में सफलता के आयाम तय करने में माना जायेगा। यह जल निगम व पीएचई विभाग दोनों के सामूहिक प्रयासों के साथ-साथ जहां जल संसाधन विभाग की परियोजनाओं के पूर्ण होने से ही सफलता संभव मानी जा रही है वहीं सबसे बड़ा सवाल पेयजल सप्लाई करने वाली बनी टंकियां जो विगत दो वर्षों से जल को लेकर इंतजार में खड़ी है क्या ये टंकियां अब जीर्णसीर्ण हालात में तब्दील न हो जाये यह भी एक चुनौती है। वहीं मझगांय मध्यम सिंचाई परियोजना कब तक पूर्ण होगी जिसके माध्यमसे अजयगढ़ व पन्ना तक के लिए जल की व्यवस्था को लेकर अहम माना जा रहा है देखना यह है कि हर घर में नल से जल क्या 2028 तक पहुंच पायेगा कि नहीं। या कि आगे भी समय को लेकर एक बार फिर सपने ही बने रहेगें। क्योंकि जहां जल की आपूर्ति करने के लिए जल ही सबसे अहम जरूरत है वह कैसे मिलेगा जब तक जल संसाधन विभाग की परियोजनायें सफल तरीके से पूर्ण नहीं होती वहीं जल की सप्लाई के लिए बनी टंकियां जो इंतजार में है उनसे जल गांवों तक पहुंचाये जाने को लेकर सफल आयाम तय हो पाना एक बड़ी चुनौती तो है ही। वहीं जल निगम के माध्यम से जिले में जो लक्ष्य लिया गया है वह इन तीन वर्षरू्र में कितना कारगर होगा यह तो विभाग के प्रयासों व कर्तव्यों को लेकर आगे आने वाले समय में ही जाना जायेगा।



# टूरिस्ट बस से टकराए दो ट्रक
# बाल-बाल बचे पर्यटक

बमीठा थाना क्षेत्र के गढ़ा तिराहे पर मंगलवार की सुबह एक टूरिस्ट बस के पीछे से दो ट्रक टकरा गए। गनीमत रही कि उक्त हादसे में न तो कोई गंभीर रूप से घायल हुआ और न ही कोई जनहानि हुई।



छतरपुर।

एक ट्रक के चालक को मामूली चोटें आई थीं, जिसके चलते उसे एनएचएआई की एंबुलेंस से जिला अस्पताल लाया गया।

मौके पर मौजूद एक युवक ने घटना के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि टूरिस्ट बस पन्ना से छतरपुर की ओर जा रहा थी और उसके पीछे दो ट्रक चल रहे थे। गढ़ा तिराहा के पास अचानक बस के सामने गाय आ गई और बस चालक ने ब्रेक लगा दिया, जिससे बस के पीछे चल रहे दोनों ट्रक आपस में टकरा गए। चूंकि सभी वाहन नियंत्रित गति से चल रहे थे जिस कारण से बड़ा हादसा टल गया। टूरिस्ट बस में सवार पर्यटक पूरी तरह से सुरक्षित हैं। बीच वाले ट्रक के चालक के पैर में मामूली चोटें आई थी, जिसके इलाज हेतु उसे जिला अस्पताल पहुंचाया गया है।

## खबर संक्षेप

### पुलिस ने पकड़ी 40 लाख की अफीम



**छतरपुर**। जिले के अलग-अलग इलाकों में हो रही अफीम की खेती इन दिनों चर्चा का विषय बनी हुई है और पुलिस विभाग भी इस पर लगार कार्रवाई कर रहा है। हाल ही में पुलिस ने बमीठा थाना क्षेत्र के एक गांव से करीब एक करोड़ की अफीम जप्त की थी। वहीं सोमवार को बछौन पुलिस ने करीब 40 लाख कीमत की अफीम पकड़ी है। पुलिस अधीक्षक अगम जैन ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर बछौन चौकी क्षेत्र के पंचमपुर गांव में सोमवार की शाम करीब 7 बजे कार्रवाई की गई है। यहां के रहने वाले चंद्रभान गुप्ता के खेत से अफीम के 2800 पौधे जप्त किए गए। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि अन्य नशीले पदार्थों के साथ-साथ अफीम की खेती पर भी पुलिस की नजर है। जिले के अलग-अलग स्थानों पर उगाई जा रही अफीम की जानकारी एकत्रित की जा रही है और जानकारी मिलते ही संबंधित स्थानों पर दबिश देकर कार्रवाई की जा रही है।

### कॉलेज वापिस नहीं कर रहा फीस, कलेक्टर के पास पहुंची छात्रा



**छतरपुर**। मंगलवार को कलेक्टर की जनसुनवाई में आवेदन आवेदन देने आई छतरपुर निवासी 25 वर्षीय छात्रा आरती पटेल ने बताया कि उसने वर्ष 2022 में सटई रोड के स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय में नर्सिंग में प्रवेश लिया था और तभी से नियमित अध्ययनरत है। आरती के मुताबिक चूंकि महाविद्यालय द्वारा एक भी बार परीक्षा का आयोजन नहीं किया गया जिस कारण से समस्त बच्चों की फीस वापिस कर दी गयी है लेकिन आरती की फीस वापिस नहीं मिली। आरती का आरोप है कि जब उसने महाविद्यालय प्रबंधन से फीस वापिस मांगी तो उसके साथ अभद्र व्यवहार किया गया। आरती ने आवेदन देकर स्वामी विवेकानंद कॉलेज से उसकी फीस वापिस कराने की मांग की है।

### आईपीएल के दौरान सटोरियों पर रहेगी पुलिस की नजर



**छतरपुर**। 22 मार्च से शुरु होने जा रहे आईपीएल (इंडियन प्रीमियर लीग क्रिकेट टूर्नामेंट) के दौरान होने वाले सट्टे के कारोबार पर रोक लगाने के लिए पुलिस विभाग ने तैयारी कर ली है। पुलिस अधीक्षक अगम जैन ने कहा कि लगभग डेढ़ माह तक चलने वाले आईपीएल मुकाबलों पर सट्टा लगाने अथवा लगवाने वाले लोगों का पता लगाकर उनके विरुद्ध सख्त कार्रवाई की रणनीति बनाई गई है। श्री जैन ने युवाओं को सट्टे से दूर रहने की हिदायत देते हुए आम जनता से अपील की है कि उनके आसपास यदि कोई व्यक्ति



### ड्यूटी पर तैनात एएसआई को आया हार्टअटैक
## जिला अस्पताल में इलाज के दौरान मौत, उचित इलाज न मिलने के आरोप

**छतरपुर**। मंगलवार की सुबह छतरपुर पुलिस लाइन की आम शाखा में पदस्थ एएसआई को ड्यूटी के दौरान हृदयाघात हुआ, जिसके बाद उसे जिला अस्पताल लाया गया था। जिला अस्पताल में करीब 1 घंटे बाद एएसआई की मौत हो गई। मृत एएसआई के साथियों का आरोप है कि जिला अस्पताल में उचित उपचार नहीं मिला है।पुलिस लाइन की आम शाखा के प्रभारी एसआई मनिंदर सिंह ने बताया कि शाखा में पदस्थ एएसआई लक्ष्मण सिंह उम्र 55 वर्ष सुबह करीब 7 बजे कार्यालयीन कार्य कर रहे थे तभी अचानक उनके सीने में दर्द उठा। इसके बाद शाखा के दो अन्य पुलिसकर्मी, लक्ष्मण सिंह को स्कूटी से जिला अस्पताल लेकर आए। मनिंदर सिंह के मुताबिक उन्होंने ड्यूटी डॉक्टर से लक्ष्मण सिंह को आईसीयू में भर्ती करने के लिए कहा था लेकिन डॉक्टर ने आईसीयू में जगह न होने की बात कह कर लक्ष्मण सिंह को अस्पताल की चौथी मंजिल के वार्ड में शिफ्ट कर दिया और वहां पर करीब एक घंटे तक सिर्फ ऑक्सीजन सपोर्ट पर लक्ष्मण सिंह को रखा गया, जिसके बाद उनकी मौत हो गई।

## 9 साल की बच्ची के शरीर पर फैला इन्फैक्शन
## माता-पिता ने डॉक्टर पर लगाया गलत



**छतरपुर**। मंगलवार की सुबह बीमार बच्ची को गोद में लेकर सिविल लाइन थाना पहुंचे माता-पिता ने बताया कि एक डॉक्टर ने शराब के नशे में उनके बच्चे को गलत इंजेक्शन लगा दिया है, जिससे बच्ची के शरीर पर इन्फैक्शन हो गया। माता-पिता ने कहा कि वे 5 घंटे से थाने में डॉक्टर की शिकायत करने के लिए बैठे हैं लेकिन पुलिस उनकी शिकायत नहीं ले रही है।

थाना क्षेत्र के चंद्रपुरा गांव की बजनू पहाड़िया के रहने वाले गांठे आदिवासी ने बताया कि करीब एक माह पहले उसकी 9 वर्षीय बेटी नताशा आदिवासी के पैर में चोट लग गई थी। उसने शहर के एक नामी चिकित्सक के यहां नताशा का इलाज कराया लेकिन घाव ठीक नहीं हुआ। इसके बाद गांठे ने अपने पड़ोस में रहने वाले डॉ पान सिंह यादव से नताशा का इलाज कराया। गांठे का कहना है कि उसने इलाज के लिए डॉ पान सिंह को 10 हजार रुपए दिए थे लेकिन डॉ. पान सिंह ने शराब के नशे में उसकी बेटी को गलत इंजेक्शन लगा दिया, जिससे उसके पूरे शरीर में इन्फैक्शन फैल गया है। वहीं डॉ. पान सिंह यादव ने अपना पक्ष रखते हुए बताया है कि वह जन स्वास्थ्य संरक्षक के पद पर पन्ना जिले के अजयगढ़ क्षेत्र के ग्राम पलराहा में पदस्थ हैं। बच्ची के पैर में घाव था, जिसका इलाज उसके माता-पिता के कहने पर उन्होंने किया था और इलाज के बदले 2 हजार रुपये लिए थे। बाद में किसी कारणवश उन्होंने इलाज करना बंद कर दिया, जिससे इंफेक्शन हुआ है। इस मामले में सीएमएचओ डॉ. आरपी गुप्ता का कहना है कि वे इस मामले में जांच कराएंगे।



## ध्वजयात्रा के साथ शुरु हुई रामनवमीं की तैयारियां

छतरपुर।

आगामी रामनवमीं पर्व की तैयारियां मंगलवार को श्रीराम सेवा समिति की ध्वजयात्रा के साथ शुरु हो गई हैं। सुबह के वक्त शहर के चौक बाजार से श्रीराम सेवा समिति की ध्वजयात्रा प्रारंभ हुई जो शहर के प्रमुख मार्गों से हेतु हुए हनुमान टौरिया मंदिर पहुंची और यहां मंदिर पर 15 फिट ऊंचा भगवा ध्वज फहराया गया। ध्वजारोहण के दौरान छतरपुर नगर पालिका अध्यक्ष ज्योति सुरेन्द्र चौरसिया उपस्थित रहीं। ध्वजयात्रा में सैकड़ों रामभक्त शामिल थे, जो जय श्री राम का जयघोष करते हुए चल रहे थे और रास्ते में जेसीबी से पुष्पवर्षा कर उनका स्वागत किया गया। श्रीराम सेवा समिति के संयोजक राकेश तिवारी ने बताया कि हनुमान टौरिया मंदिर में ध्वजारोहण के साथ आयोजन की तैयारियां शुरु हो गई हैं। 24 मार्च को गल्ला मंडी के रामचरित मानस मैदान में कार्यालय का उद्घाटन होगा, जबकि 30 मार्च से रामनवमीं तक प्रतिदिन प्रभात फेरी निकलेगी। इस मौके पर समिति के पंकज पहारिया, अभिलेख खरे सहित सभी सदस्यगण, गणमान्य नागरिक और रामभक्त उपस्थित रहे।

## रोजगार सहायक की दबंगई से परेशान ग्रामीण जनसुनवाई में कलेक्टर से हुई शिकायत

छतरपुर।

छतरपुर जनपद की ग्राम पंचायत बारी के ग्रामीणों ने मंगलवार को जनसुनवाई में आवेदन देकर पंचायत के रोजगार सहायक पर दबंगई के आरोप लगाए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि रोजगार सहायक गजराज सिंह बुंदेला न तो सरपंच की बात सुनते हैं और न ही ग्रामीणों के काम करते हैं।

ग्रामीण लाल दीवान यादव ने बताया कि रोजगार सहायक गजराज सिंह पंचायत में न बैठकर अपने घर से काम करते हैं। पंचायत संबंधी काम कराने के लिए उनके घर जाने वाले लोगों से गजराज सिंह द्वारा जातिगत भेदभाव किया जाता है। एक अन्य ग्रामीण अशोक अहिरवार ने




बताया कि वह गजराज सिंह के पास आवास योजना में नाम जुड़वाने के लिए गया था। चूंकि वह चप्पल पहनकर उनके घर पहुंच गया था, जिससे नाराज होकर गजराज सिंह ने उसके साथ गाली-गलौज की। शासकीय योजनाओं का लाभ देने के एवज में पैसों की मांग किए जाने के आरोप भी गजराज सिंह पर हैं। ग्रामीणों ने कलेक्टर से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है।

## कांग्रेसियों ने कार्यालय में खेली होली
## बुंदेली फागों पर झूमे कार्यकर्ता, जमकर उड़ा गुलाल

छतरपुर।

मंगलवार को जिला कांग्रेस कार्यालय में होली मिलन समारोह क आयोजन किया गया, जिसमें जिले भर के पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल हुए। सभी ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं, वहीं ग्रामीण अंचलों से आए गायकों ने बुंदेली फागों का गायन किया।

कांग्रेस की प्रदेश महासचिव निधि चतुर्वेदी ने बताया कि होली के मौके पर कार्यकर्ताओं से मेल-जोल बढ़ाने और सभी को शुभकामनाएं देने की मंशा से कांग्रेस कार्यालय में होली मिलन का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम में जिले के तमाम पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल



होने पहुंचे, जिन्होंने कार्यालय के भीतर होली खेली और बुंदेली फागों का आनंद लिया। इस मौके पर कांग्रेसी नेता राजेश पायक, चंद्रिका प्रसाद द्विवेदी, पूर्व जिलाध्यक्ष लखन पटेल, अशोक मिश्रा, युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष लोकेंद्र वर्मा, राजवर्धन मिश्रा, विवेक अग्रवाल, पुष्पेंद्र कुशवाहा आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

## ओबीसी महासभा ने उठाई 27 प्रतिशत आरक्षण की मांग
## जिला प्रशासन के माध्यम सरकार को भेजा ज्ञापन




छतरपुर।

मंगलवार को जिला मुख्यालय पर ओबीसी महासभा द्वारा मध्यप्रदेश में 27 प्रतिशत आरक्षण को लागू किए जाने सहित अपनी 20 मांगों का ज्ञापन प्रदर्शन करते हुए जिला प्रशासन के माध्यम से राज्यपाल और मुख्यमंत्री को भेजा गया।

ओबीसी महासभा के जिलाध्यक्ष तीरथ सिंह ने बताया कि संगठन की प्रमुख मांग मध्यप्रदेश में तत्काल प्रभाव से 27 प्रतिशत आरक्षण लागू कराने और 13 प्रतिशत होल्ड हटाकर अविलंब पिछड़ा वर्ग के चयनित विद्यार्थियों को जॉइनिंग दिए जाने की है। इसके अलावा ज्ञापन में जातिगत जनगणना कराने, देश के अंदर संख्या के अनुपात में हिस्सेदारी दिए जाने, प्राइवेट सेक्टर में आरक्षण लागू कराए जाने सहित 20 अन्य मांगों का उल्लेख है। ज्ञापन सौंपने पहुंचे पदाधिकारियों ने मांगों का जल्द से जल्द निराकरण कराने की मांग की है। हाथ में चूड़ियां लेकर ज्ञापन सौंपने पहुंची ओबीसी महासभा की महिला प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष रानी रैकवार ने कहा कि प्रदर्शन के माध्यम से सरकार को जगाने का प्रयास किया जा रहा है।



## पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आयोजित की गई जनसुनवाई
## पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री ने प्रत्येक फरियादी की समस्या सुनी

**सिगरौली** राजपत्रित अधिकारी (पुलिस), थाना प्रभारी व चौकी प्रभारियों को कार्यवाही के दिए निर्देश*आज दिनांक 18 मार्च 2025 को पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय, जिला सिंगरौली में जनसुनवाई आयोजित की गई। इस जनसुनवाई में थाना प्रभारी बैढ़न अशोक सिंह परिहार, विंध्यनगर थाना प्रभारी अर्चना द्विवेदी सहित पुलिस अधीक्षक कार्यालय के अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।जनसुनवाई के दौरान विभिन्न थाना क्षेत्रों से आए आवेदकों ने अपनी शिकायतें प्रस्तुत कीं। पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री ने प्रत्येक फरियादी से सीधे संवाद कर उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना। कई शिकायतों का मौके पर ही निराकरण किया गया, जबकि शेष प्रकरणों में वैधानिक कार्यवाही सुनिश्चित करने के लिए राजपत्रित अधिकारी (पुलिस), थाना प्रभारियों एवं चौकी प्रभारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए।महिला फरियादियों की शिकायतों पर विशेष ध्यान देते हुए महिला अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा उनकी काउंसलिंग कराई गई। साथ ही, उनकी समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए संबंधित थाना प्रभारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए। सिंगरौली पुलिस आमजन की समस्याओं के समाधान के लिए प्रतिबद्ध है और इस दिशा में निरंतर प्रयासरत रहेगी।

## एनसीएल ने "नए आयकर बिल एवं बिज़नेस रिस्पॉन्सिबिलिटी एंड सस्टेनेबिलिटी रिपोर्टिंग" पर आयोजित किया सेमिनार

सिगरौली

मंगलवार को भारत सरकार की मिनीरत्न कंपनी नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एनसीएल) ने "नए आयकर बिल और बिज़नेस रिस्पॉन्सिबिलिटी एंड सस्टेनेबिलिटी रिपोर्टिंग" विषय (बीआरएसआर) पर वाराणसी में सेमिनार का आयोजन किया। इस अवसर पर एनसीएल ने वित्तीय एवं विनियामक समझ को विकसित करने हेतु तीन महत्वपूर्ण पुस्तकों का विमोचन भी किया। इन पुस्तकों में 'रेडी रेकनर फॉर क्लोजिंग ऑफ अकाउंट्स', 'नेविगेटिंग सैप फॉर अकाउंटिंग' एवं 'कोयला उद्योग में जीएसटी - कोयला क्षेत्र को प्रभावित करने वाले जीएसटी विनियमों का एक व्यापक विश्लेषण' शामिल हैं। बैठक की अध्यक्षता निदेशक (वित्त), कोल इंडिया लिमिटेड, मुकेश अग्रवाल ने की और विशिष्ट अतिथि के रूप में सीए रोहित



रूहाटिया, अध्यक्ष, बोर्ड ऑफ स्टडीज, आईसीएआई, सीए अतुल मेहरोत्रा और सीए सीएमए, अंकित शर्मा उपस्थित रहे। साथ ही इस दौरान सीआईएल की अनुषंगी कंपनियों के निदेशक (वित्त), एनसीएल निदेशक (तकनीकी/संचालन), जितेन्द्र मलिक एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। सेमिनार में सीए सीएमए, मोहित गर्ग, अंडर सेक्रेटरी , भारत सरकार (सीबीडीटी) और सीए हर्षा रमानी, आईसीएआई सहित अन्य प्रतिष्ठित लोगों ने भाग लिया।सेमिनार के दौरान अधिगम एवं पेशागत विकास हेतु 'एनसीएल सिंगरौली सीपीई स्टडी सर्किल' की स्थापना के प्रति प्रतिबद्धता भी जताई गयी। इस दौरान अपने सम्बोधन में निदेशक (वित्त), कोल इंडिया लिमिटेड, मुकेश अग्रवाल ने एनसीएल द्वारा कोयला उद्योग में वित्तीय उत्कृष्टता और विनियामक अनुपालन को बढ़ावा देने हेतु आयोजित सेमिनार को महत्वपूर्ण बताते हुए कंपनी के इस प्रयास की सराहना की। एनसीएल के निदेशक (वित्त), श्री रजनीश नारायण ने सभी प्रतिभागियों को सेमिनार में भाग लेने के लिए आभार व्यक्त किया और सेमिनार के सफल आयोजन के लिए एनसीएल के वित्त विभाग की टीम को बधाई दी।

## खबर संक्षेप

### समर्थन मूल्य पर गेंहू खरीदी के लिए पंजीयन करायें

रीवा । किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य देने के लिए शासन द्वारा समर्थन मूल्य पर खरीद की जाती है। शासन द्वारा वर्तमान वर्ष के लिए गेंहू का समर्थन मूल्य 2425 रूपये तथा सरकार द्वारा घोषित 175 रुपए प्रति क्विंटल बोनस के साथ किसानों से 2600 रुपए प्रति क्विंटल की दर से गेंहू का उपार्जन होगा। समर्थन मूल्य पर गेंहू खरीदी के लिए किसानों का पंजीयन जारी है। कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने बताया कि पंजीयन की अंतिम तिथि 31 मार्च निर्धारित की गई है। किसान एमपी किसान एप, ई-उपार्जन पोर्टल तथा ई-उपार्जन मोबाइल एप पर अपना पंजीयन करा सकते हैं। रीवा जिले में गेंहू उपार्जन के लिए खरीदी केन्द्र निर्धारित कर दिए गए हैं। किसान इन खरीदी केन्द्रों में गेंहू उपार्जन के लिए पंजीयन करा सकते हैं। सभी किसान निर्धारित खरीदी केन्द्रों में अपना आनलाइन पंजीयन अवश्य करायें। पंजीकृत किसानों से ही समर्थन मूल्य पर गेंहू की खरीद की जायेगी। स्वयं के मोबाइल, कम्प्यूटर, खरीदी केन्द्र तथा ग्राम पंचायत कार्यालय में स्थापित सुविधा केन्द्र में पंजीयन की निःशुल्क व्यवस्था की गई है। किसान 50 रुपए का शुल्क देकर एमपी ऑनलाइन कियोस्क, कॉमन सर्विस सेंटर, लोक सेवा केन्द्र तथा साइबर कैफे में पंजीयन करा सकते हैं। जिला आपूर्ति नियंत्रक ने बताया कि पंजीयन के समय किसान आधार संख्या से लिंक बैंक खाते दर्ज करें जिससे ऑनलाइन भुगतान किया जा सके। पंजीयन कराने के लिए किसान को बोये गये खेत के खसरा नंबर की ऋण पुस्तिका, आधार से लिंक बैंक खाते की जानकारी देकर अपना पंजीयन करा सकते हैं।

### दो बाइकों के बीच भिड़ंत, चार घायल, दो की हालत गंभीर

रीवा। जिले के मनगवां थाना क्षेत्र के अंतर्गत मनिकवार पुलिस चौकी और गुढ़ थाना क्षेत्र की सीमा पर सोमवार शाम दो बाइकों की जोरदार टक्कर हो गई, जिसमें चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा गुढ़ थाना क्षेत्र के लढ़ गांव के पास हुआ, जहां दो बाइकें एमपी 17 एमएन 8451 हीरो स्प्लेन्डर और एमपी 17 एमवाई 9402 के बीच सीधी भिड़ंत हो गई। हादसे के बाद चारों घायलों को तत्काल इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है, जहां दो की हालत गंभीर बनी हुई है।मिली जानकारी के अनुसार, दुर्घटना में घायल हुए लोगों में ओंमकार द्विवेदी और छोटू गौतम निवासी सुमेदा के अलावा दो अन्य लोग शामिल हैं। सभी घायलों को तत्काल इलाज के लिए संजय गांधी अस्पताल भेजा गया।

### समाधान ऑनलाइन के एजेण्डा बिन्दुओं में लंबित प्रकरणों का निराकरण करें

# पेंशन प्रकरणों के निराकरण में अधिकारियों ने अच्छा कार्य किया

रीवा । कमिश्नर कार्यालय सभागार में आयोजित बैठक में कमिश्नर बीएस जामोद ने सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के निराकरण की समीक्षा की। कमिश्नर ने कहा कि अभी भी संभाग के सभी जिलों में बड़ी संख्या में आवेदन पत्र लंबित हैं। गर्मी बढ़ने के साथ पेयजल व्यवस्था से जुड़ी शिकायतों में तेजी से वृद्धि हुई है। हैण्डपंप तथा नलजल योजनाओं के सुधार से संबंधित आवेदनों का तत्काल निराकरण कराएं। संचार माध्यमों से भी यदि किसी बसाहट में पेयजल समस्या की जानकारी मिलती है तो कार्यपालन यंत्री तत्परता से कार्यवाही कर पेयजल की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करें। पेयजल व्यवस्था के लिए संवेदनशीलता से कार्य करें। कमिश्नर ने कहा कि सभी अधिकारियों ने लंबित पेंशन प्रकरणों के निराकरण के लिए अच्छा कार्य किया है। अब लंबित पेंशन प्रकरणों की संख्या बहुत कम हो गई है। विभागीय जाँच, तकनीकी कारण तथा अन्य कारणों से ही कुछ प्रकरण लंबित रह गए हैं। सभी अधिकारी फरवरी तक सेवानिवृत्त सभी कर्मचारियों के लंबित पेंशन प्रकरणों का निराकरण कराएं। बैठक में कमिश्नर ने कहा कि समाधान ऑनलाइन कार्यक्रम 24 मार्च को प्रस्तावित है। समाधान ऑनलाइन के एजेण्डा बिन्दुओं में लंबित सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों का तत्परता से निराकरण करें।



खाद्य आपूर्ति नियंत्रक संभाग के सभी जिलों में गेंहू उपार्जन के लिए खरीदी केन्द्रों का तत्काल निर्धारण कराएं। सभी खरीदी केन्द्रों में किसानों के लिए समुचित व्यवस्था, तौल कांटे, हम्माल तथा गेंहू भण्डारण की व्यवस्था कराएं। मण्डियों में नए गेंहू की आवक शुरू हो गई है। इसलिए पंजीकृत किसानों के लिए खरीदी केन्द्रों में स्लॉट बुक करने की सुविधा भी तत्काल शुरू कराएं। कमिश्नर ने किसानों के पंजीयन तथा सत्यापन के संबंध में अधिकारियों को निर्देश दिए। बैठक में कमिश्नर ने कहा कि क्षय नियंत्रण अभियान के तहत सभी अधिकारी निक्षय मित्र बनकर क्षय रोगियों को पूरक पोषण आहार देने में सहयोग करें। सबके सहयोग और भागीदारी से ही क्षय रोग के नियंत्रण का अभियान पूरा हो सकेगा। बैठक में कमिश्नर ने पेयजल व्यवस्था, खाद्यान्न वितरण तथा सिकल सेल रोगियों की पहचान एवं उपचार के संबंध में निर्देश दिए। बैठक में क्षेत्रीय संचालक स्वास्थ्य डॉ एमएल गुप्ता, मुख्य अभियंता विद्युत मण्डल आईके त्रिपाठी, संयुक्त संचालक सामाजिक न्याय अनिल दुबे, अतिरिक्त संचालक उच्च शिक्षा आरपी सिंह, संयुक्त संचालक पेंशन एमएस पैकरा, अधीक्षण यंत्री पीएचई जेएस धुर्वे तथा अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# मऊगंज में घटित हुई हिंसक घटना के विरोध में रीवा बंद का सुबह से दिखा व्यापक असर

### प्रशासन ने नहीं दी थी अनुमति, फिर भी मुख्य बाजार ही नहीं मोहल्लों की दुकानें भी दिखी बंद

रीवा। मऊगंज के गढ़रा गांव में हुई हिंसक घटना में दो लोगों की मौत के बाद विभिन्न संगठनों ने आज 18 मार्च को रीवा बंद का आह्वान किया है। जिसके बाद सुबह से ही लोगों ने बंद का व्यापक समर्थन किया और मुख्य बाजार से लेकर छोटी-छोटी बाजारों में भी दुकान बंद नजर आई, इस पर प्रशासन की अनुमति नहीं है। बंद का आह्वान करने वाले लोगों के साथ प्रशासन की बैठक भी कलेक्ट्रेट में आयोजित की गई थी। जहां पर एडीएम सपना त्रिपाठी, एडिशनल एसपी अनिल सोनकर, एसडीएम वैशाली जैम्‌ तहसीलदार शिवशंकर शुक्ला सहित अन्य अधिकारियों ने संगठनों के प्रतिनिधियों को किसी तरह से सामान्य दिनचर्या बाधित नहीं करने के लिए कहा है। संगठनों की ओर से बि के माला ने कहा कि मऊगंज में जिस तरह से हिंसक घटना हुई है. उसका विरोध नहीं हुआ तो आने वाले समय में वर्ग संघर्ष की स्थिति बनेगी। पुलिस के अधिकारी की भी मौत हुई है। इससे आम जनमानस खुद को अमुरक्षित महसूस कर रहा है। बंद के लिए किसी पर दबाव नहीं बनाया गया बड़े व्यापारियों से लेकर



छोटे व्यापारियों में भी इसका व्यापक समर्थन किया। इस बंद के दौरान स्वास्थ्य सेवाएं मेडिकल परिवहन, भोजन आदि की सेवाएं चालू दिखी, सुबह से ही विभिन्न संगठनों ने रीवा के कॉलेज चौराहा स्थित विवेकानंद पार्क में एकत्र होकर सैकड़ो की संख्या में संगठनों के कार्यकर्ताओं ने सड़क पर उतरकर नारेबाजी करते हुए विरोध प्रदर्शन भी किया। कार्यकर्ताओं ने हाथ जोड़कर बंद में समर्थन करने के लिए व्यापारियों से अनुरोध किया, वही इस बीच पुलिस अलर्ट मोड़ में दिखाई दी। बता दे कि बंद को लेकर संगठनों ने एसडीएम हुजूर ज्ञापन पत्र सौपा गया है गौरतलब की गढ़रा गांव में रज्जन द्विवेदी उर्फ सनी की निर्मम हत्या कर दी गई थी और परिजनों के साथ भी मारपीट की गई थी। वही मामला सुलझाने पहुंची पुलिस पर भी हमला किया गया था, जिसमें एएसआई रामचरण गौतम की मौत हो गई। घटना में शामिल सभी आरोपियों को गिरफ्तार करने एवं सख्त कार्रवाई की मांग की गई है। साथ ही फास्टट्रैक कोर्ट में प्रकरण चलाए जाने के साथ शासकीय जमीन पर किए गए अतिक्रमण को हटाए जाने के साथ दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई है।

### अटल पार्क में बैठककर बनाई गई थी रूपरेखा

रीवा बंद का आवाहन करने वाले संगठनों के प्रतिनिधियों की शहर के सिरमौर चौराहा स्थित अटल पार्क में सोमवार बैठक आयोजित की गई। रूपरेखा के अनुसार सुबह से ही कॉलेज चौराहा में कार्यकर्ताओं की भीड़ दिखी, कॉलेज चौराहा में कतरा होकर कार्यकर्ताओं ने रैली निकालकर मानस भवन से होते हुए शिल्पी प्लाजा प्रकाश चौराहा घोड़ा चौराहा होते हुए नारेबाजी करते हुए कार्यकर्ताओं ने व्यापारियों से बंद पर समर्थन करने के लिए अनुरोध किया जिस पर व्यापारियों ने भी व्यापक समर्थन किया और सभी दुकानें बंद दिखाई दी। जिसके बाद विभिन्न संगठनों ने एकत्र होकर हिंसक घटना में विभिन्न मांगों को लेकर कमिश्नरी में संभागायुक्त को ज्ञापन सौंपा है।

### बंद की प्रशासन ने नहीं दी अनुमति

बता दे कि मंगलवार को किए गए बंद के आह्वान को प्रशासन ने अनुमति नहीं दी है। इस बंद को लेकर कलेक्ट्रेट में संगठनों के पदाधिकारियों की बैठक भी बुलाई गई। रीवा और मऊगंज जिल में किए जाने वाले इस बंद को लेकर पुलिस ने तैयारी कर ली है। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर जगह-जगह पुलिस बल तैनात किया जा रहा है। उधर जानकारी मिली है कि रीवा बंद को लेकर प्रशासन द्वारा कोई अनुमति नहीं मिली है। एडिशनल एसपी अनिल सोनकर ने बताया कि स्थानीय प्रशासन ने इस बंद की अनुमति नहीं दी है।



### निगम आयुक्त ने किया वार्डों का निरीक्षण

रीवा । स्वच्छता सर्वेक्षण की टीम शहर में आने के पहले नगर निगम आयुक्त डॉ. सौरभ सोनवणे ने जमीनी हालात जानने वार्डों का भ्रमण किया। सुबह वार्डों में पहुंचे आयुक्त ने स्थानीय निवासियों के साथ संवाद कर स्वच्छता सर्वेक्षण के बारे में बताया। साथ ही लोगों से स्वच्छता बनाए रखने में सहयोग करने के लिए भी कहा। आयुक्त ने लोगों की समस्याएं भी सुनी और अधिकारियों को निराकरण के लिए निर्देशित किया। वार्ड 11 एवं 13 का भ्रमण कर कार्यों को जल्द पूर्ण करने को कहा, ताकि शहर को स्वच्छता रैंकिंग में बेहतर स्थान मिल सके। इस दौरान वार्ड 13 पार्षद नम्रता - संजय सिंह बघेल, उपायुक्त एमएस सिद्दीकी, सहायक आयुक्त रामनरेश तिवारी, स्वास्थ्य अधिकारी बालगोविंद चतुर्वेदी मौजूद रहे।

#### कब्जा हटाने के निर्देश

आयुक्त ने इंदिरा नगर में रोड पर गुमटी के अतिक्रमण को हटाने के निर्देश दिए। साथ ही इंदिरा नगर स्कीम 2 गली में अतिक्रमण को भी हटाने को कहा। निगमायुक्त ने पाया कि कुछ रहवासियों द्वारा रास्ते में जल बहाया जा रहा है। ऐसे रहवासियों को नोटिस देने व चालानी कार्रवाई करने को कहा। वार्ड 11 के वार्ड दरोगा की सफाई व्यवस्था में लापरवाही पर 3 दिन के वेतन काटने के निर्देश दिए। इसी तरह वार्ड 13 में प्रभावी सफाई नहीं करने पर वार्ड नोडल, स्वच्छता निरीक्षक एवं वार्ड दरोगा को नोटिस दिए। इसके अलावा दिनेश पार्क के पीछे बड़ी मात्रा में अपशिष्ट पाए जाने पर चालानी कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

### इंस्टाग्राम में लाइव होकर युवक ने लगाई फांसी



रीवा। जिले के सिरमौर थाना क्षेत्र अंतर्गत मेहरा गांव में 13 मार्च के दिन एक युवक फांसी के फंदे पर झूलकर आत्महत्या कर ली। घटना के बाद पुलिस मर्ग कायम कर मामले की जांच कर रही थी वहीं अब पूरी घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया के इंस्टाग्राम पर वायरल हो रहा है, युवक ने अपने मौत को लाइव वीडियो बनाया था। आत्महत्या से पहले इंस्टाग्राम पर लाइव आकर युवक ने पत्नी पर मानसिक प्रताडना के आरोप लगाए, और बोला की उसकी आत्महत्या करने की वजह उसकी पत्नी व सास है। जिसके बाद सब देखते रह गए और युवक ने फांसी के फंदे में झूलकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली घटना के बाद सामने आए इस लाइव वीडियो को अब सिरमौर पुलिस ने जांच में लिया है। घटना के संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक सिरमौर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम मेहरा निवासी शिव प्रसाद त्रिपाठी पुत्र सत्यप्रकाश त्रिपाठी 30 वर्ष में घर के अंदर फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली थी। पुलिस ने सूचना के बाद मौके पर पहुंचकर शव को पीएम के लिए अस्पताल भिजवाया था। जिसके बाद मामले की जांच की जा रही थी। अब मृतक युवक का आत्महत्या करने के पहले इंस्टाग्राम में लाइव वीडियो सामने आया है, जिसमे वह पत्नी और पत्नी की मॉ पर गंभीर आरोप लगाता दिख रहा है। फिलहाल अब पुलिस पूरे मामले की जांच नए सिरे से करते हुए वीडियो की सत्यता की जांच कर रही है।

# जनसुनवाई में कलेक्टर में 55 आमजनों की सुनी गई समस्यायें



रीवा । प्रत्येक मंगलवार को आयोजित होने वाली जनसुनवाई में कलेक्ट्रेट में 55 आमजनों की समस्यायें सुनी गई। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत मेहताब सिंह गुर्जर ने कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में पेंशन, राजस्व, विद्युत मंडल, खाद्यान्न आदि से संबंधित समस्यायें सुनीं तथा विभागीय अधिकारियों को निराकरण करने के निर्देश दिये। जनसुनवाई के दौरान दिव्यांग विपिन कुमार तिवारी ने सूत्र सेवा की बसों में दिव्यांग सीट आरक्षित किये जाने का आवेदन दिया। सीईओ जिला पंचायत ने आरटीओ व्यवस्था सुनिश्चित कराने के निर्देश दिये। घोघर निवासी मुकद्दर बेग के अवैध अतिक्रमण हटाने के आवेदन पर एसडीएम को कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया। इसी प्रकार दादर निवासी रामदास कोरी के न्यायालयीन आदेश का पालन कराने, राजेन्द्र तिवारी बरौं के सीमांकन कराने, राजकुमार सिंह पडिया के अतिक्रमण हटाने तथा भारती कुशवाहा घोघर के जानमान की रक्षा के आवेदनों को संबंधित तहसीलदार को कार्यवाही किये जाने हेतु प्रेषित किया गया। राजकुमार सिंह बीड़ा ने उपार्जन की राशि का भुगतान कराने का आवेदन दिया जिसे खाद्य अधिकारी को, आरती विश्वकर्मा हटवा के खाद्यान्न पर्ची दिलाये जाने के आवेदन को खाद्य अधिकारी को कार्यवाही हेतु प्रेषित किया गया। जबकि बरौं के निवासियों ने बस्ती से मदिरा दूकान को हटाने का आवेदन दिया जिसे जिला आबकारी अधिकारी को तथा जिला अस्पताल में श्रमिकों के भुगतान न होने के आवेदन को सीएमएचओ को कार्यवाही करने हेतु प्रेषित किया गया। ओम प्रकाश पाण्डेय शारदापुरम एवं मुकद्दर बेग घोघर के बिजली बिल में सुधार के आवेदनों को विद्युत मंडल के अधिकारियों को तथा पूर्व कर्मचारी अजीज कुटैशी के पेंशन भुगतान कराने के आवेदन को सिंचाई विभाग के अधिकारी को कार्यवाही किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। इस दौरान तहसीलदार जितेन्द्र तिवारी ने भी जनसुनवाई की।

# मऊगंज जिले में शहर से लेकर गांव तक चल रहा अवैध मादक पदार्थ का कारोबार



### कार्यवाही के नाम पर खानापूर्ति, जिम्मेदार अमले की कार्यप्रणाली पर लगा सवालिया निशान

मऊगंज। जिले के थाना क्षेत्रों में पदस्थ जिम्मेदारों एवं आबकारी विभाग की निष्क्रियता के चलते नियम कायदों को दरकिनार कर इन दिनों अवैध कारोबार चरम पर चल रहा है। क्षेत्र की जनता की माने तो वर्तमान दौर में आलम यह है कि जहां कस्बे से लेकर गांव-गांव तक अवैध महुआ शराब की भट्ठिया धधक रही है। वही अवैध शराब मेडिकल नशा जैसे मादक पदार्थ पान की गुमतियों से लेकर किराना की दुकानों एवं मेडिकल स्टोरों में बिकना आम बात हो गई हैं। वहीं अवैध गिट्टी बालू से ओवरलोड वाहन 24 घंटे धमाचौकड़ी मचाते देखे जाते हैं। लेकिन बीते 6 माह के अंतराल में जिम्मेदार अमले द्वारा खनिज माफिया के खिलाफ एक भी कार्रवाई नहीं की गई। जिसका परिणाम रहा कि पूरे अंचल में माफिया राज कायम है। अवैध मादक पदार्थ कारोबारियों की चल रही एक छत्र राज के चलते कानून व्यवस्था व्यवस्थित रखने वाले स्थानीय जिम्मेदारों के कारगुजारी पर प्रश्नचिन्ह लगना लाजमी है। यहां सबसे बड़ा सवाल उठता है कि आखिर किसके इशारे में गांव-गांव धधक रही है अवैध शराब की भट्ठिया कौन संरक्षण दे रहा है पैकारी शराब कोरेक्स गांजा तस्करों एवं गिट्टी बालू माफिया को शरण। जिसके चलते मऊगंज जिला अंचल एवं रीवा जिले का गढ़ थाना क्षेत्र अवैध कारोबार के लिए गढ़ बनता जा रहा है।

#### अधिकारियों की मेहनत पर अधीनस्थ फेर रहे पानी

जिम्मेदारों की गैर जिम्मेदाराना कार्यशैली के चलते क्षेत्र में अवैध कारोबार दिन दूना रात चौगुना फल फूल रहा है। प्रशासनिक अधिकारियों के दिशा निर्देश को दरकिनार कर स्थानीय जिम्मेदार अमला एवं खनिज विभाग द्वारा ऐसे कारोबारियों पर लगाम न लगाए जाने के कारण मऊगंज जिला अंचल एवं रीवा जिले के गढ़ थाना क्षेत्र में माफिया राज जैसी स्थिति बन चुकी है। कस्बे से लेकर गांव गांव जहां अवैध देसी विदेशी शराब बिक रही है वहीं महुआ शराब की भट्ठियां जल रही हैं तो अवैध गिट्टी पत्थर बालू जैसा कारोबार चरम पर है।समूचे अंचल में गली चौराहों से लेकर सार्वजनिक स्थलों में नशेड़ियों का जमावड़ा लगना आम बात हो गई है। हाल ही में आबकारी विभाग द्वारा छापा मार कार्यवाही की गई थी जहां ग्रामीण क्षेत्र में दो दर्जन से अधिक कारोबारियों के अड्डे से अंग्रेजी एवं देसी अवैध शराब पकड़ी गई थी लेकिन कार्यवाही का दौर अनवरत ना चलने के कारण अवैध कारोबारियों का कुनबा घटने की बजाय बढ़ रहा है। क्षेत्र के समाजसेवियों एवं गणमान्य नागरिकों ने कहा कि यदि समय रहते जिले के जिम्मेदार आला अधिकारियों द्वारा अवैध कारोबारियों के कारोबार में लगाम नहीं लगाई जाती तो आने वाला समय मऊगंज जिला क्षेत्र में निवासरत जनता के लिए कष्ट कारक हो सकता है।

# गड़रा कांड की न्यायिक जांच करवाने के लिए ब्राह्मण महासभा ने दिया ज्ञापन

मऊगंज। जिले के गड़रा ग्राम में पुलिसकर्मी सहित दो ब्राह्मणों की हत्या के मामले में एक तरफ जहां पुलिस गिरफ्तारियां और सबूत जुटाने में में लगी है वहीं पारदर्शिता के साथ आरोपियों पर कार्रवाई की जाए इसके लिए अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा जिला मऊगंज ने मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन देकर मांग की गई है दिए गए ज्ञापन में आरोप लगाया गया है कि जबलपुर रिटायर्ड जज से न्यायिक जांच की जाए पुलिस अधीक्षक को घटना के दिन थाना प्रभारी शाहपुर और मृतक के परिजनों द्वारा फोन लगाने पर फोन नहीं उठाने पर पुलिस अधीक्षक रसना ठाकुर को हटाने की मांग की गई है मृतक रज्जन द्विवेदी के परिजनों को एक करोड रुपए मुआवजा एवं शहीद राम चरण गौतम की सिर्फ 06 माह में सेवा निवृत्ति होनी थी



इस उम्र में उन्हें हिंसक ड्यूटी पर क्यों तैनात किया गया आदि कई मांगों को लेकर अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा ने ज्ञापन दिया है कई महीनो से मऊगंज जिले की कानून व्यवस्था पूरी तरह बिगड़ चुकी है क्षेत्र में अवैध नशे के कारोबार के चलते आए दिन बड़ी-बड़ी घटनाएं हो रही है पुलिस अधीक्षक को हटाने की मांग अब ब्राह्मण महासभा ने भी उठाई है अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के नर्मदा प्यासी उमाकांत पांडे पंकज पांडे राममणि शुक्ला संतोष प्यासी अशोक पांडे मनोज चतुर्वेदी सहित दर्जनों ब्राह्मणों ने ज्ञापन दिया है